प्र.10. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाएँ। [3]

(क) हे भगवान ये क्या हो गया

(ख) उफ कितनी गर्मी है

(ग) सीता गीता और माला कहाँ गई

प्र.11. निर्देशानुसार वाक्य बदलें –

(क) सच्चाई की जीत होती है। [1]
(रेखांकित संज्ञा शब्द का भेद लिखें)

(ख) समय पर दवाई खा लेना । [1]
(वचन बदलकर वाक्य लिखें)

(ग) हाथी धीरे चलता है। [1]
(लिंग बदलकर वाक्य लिखे)

(घ) बच्चा हँसता है। [1]
(क्रिया का भेद लिखें)

(ङ) दादा-दादी आते है । [1]
(वाक्य शुद्ध करके लिखें)

(च) पालतु, दिवार, वानी [3]
(शब्दों को उतारकर शुद्ध करें)

Downloaded From www.icseboard.org

त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019

हिन्दी भाषा

कक्षा : V
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

नोट - प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखें ।

प्र.1. किसी एक विषय पर निबंध लिखें – [10]

(क) गर्मी का मौसम किस महीने से शुरू होता है ? इस मौसम की कथा विशेषता है ? अधिक गर्मी से बचने के लिए कोई तीन उपाय लिखें।

(ख) प्रदूषण कहाँ-कहाँ फैल रहा है ? इससे क्या-क्या हानियाँ हो रही हैं ? इसे दूर करने के उपायों का वर्णन करें।

प्र.2. अपने पिता को पत्र लिखकर बताएँ कि आपके स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया जाता है ? [10]

या

चाचाजी की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापिका को आवेदन-पत्र लिखें।

प्र.3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में दें।

जार्ज वाशिंगटन जब छोटे थे तब उसके पिता ने खुश होकर एक कुल्हाड़ी उपहार स्वरूप दी। जार्ज ने उस कुल्हाड़ी को अपने बगीचे के पेड़ों पर ही आजमाना शुरू कर दिया। इस खेल में उसने फल

(Turn Over)

के उस पेड़ को भी काट दिया जिसे उसके पिता ने बड़ी कठिनाई से लगाया था।

इधर उसका पिता जब बगीचे में पहुँचा और फल के उस पेड़ को कटा देखा तो उसे बहुत दुख हुआ। उसने मालियों से पूछा तो किसी ने अपराध स्वीकार नहीं किया। जब जार्ज से पूछा तो उसने कहा – 'पिताजी मैं पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर आजमा रहा था कि पेड़ मुझसे कटते है या नहीं। उस पेड़ पर भी मैंने हीं कुल्हाड़ी मारी थी और वह कट गया। मुझे क्षमा करें। पिता ने कहा – 'बेटा, तुम्हें इस काम के लिए तो कुल्हाड़ी नहीं दी थी। परन्तु तुम्हारी सच्चाई से मैं बहुत प्रसन्न हूँ, इसलिए तुम्हारा अपराध क्षमा करता हूँ।

(क) जार्ज वाशिंगटन को पिता से क्या उपहार मिला ? उसका उपयोग उसने कैसे किया ? [3]

(ख) जार्ज के पिता को किस बात का दुख हुआ ? पिता के पूछने पर उसने क्या जवाब दिया ? [3]

(ग) जार्ज के पिता ने उसका अपराध क्यों क्षमा कर दिया ? इस गद्यांश से आपको क्या सीख मिली ? स्पष्ट करें। [3]

(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ – [3]
बगीचा, उपहार

(ङ) गद्यांश से दो जातिवाचक संज्ञा शब्द तथा एक व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द चुनकर लिखें। [3]

प्र.4. निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (शब्द उतारें) [8]

मित्र, वन, किताब, नाव

प्र.5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें) [5]

सजीव, हिंसा, न्याय, उचित, आयात

प्र.6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें। [5]

पक्षी पकड़ने वाला –

दूर की सोंचने वाला –

जल में रहने वाला –

जो मछली पकड़ने का काम करे –

जिसके हृदय में दया न हो –

प्र.7. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखें :- (शब्द उतारें) [6]

ताल, घोड़ा, सोना

प्र.8. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम चुनकर भेद लिखें। [5]

(क) मैं खूब मेहनत करूँगा ।

(ख) कोई आ रहा है ।

(ग) तुम किस कक्षा में पढ़ते हो ?

(घ) वह अपने कपड़े स्वयं धोता है ।

(ङ) जो आएगा सो पाएगा ।

प्र.9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें – [5]

मन भारी होना –

खून पसीना एक करना –

आँखों से ओझल होना –

जान हथेली पर रखना –

दाल न गलना –

(Turn Over)

Downloaded From www.jseboard.org